एनएमआरसी ने कंपनी कर्मचारियों से लिया फीडबैक

नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) के अधिकारियों व एनएसईजेड की कंपनियों के कर्मचारियों के साथ बैठक हुई। इसका मकसद कर्मचारियों से मेट्रो और फीडर बस सर्विस के बाबत फीडबैक लेना रहा। बैठक में कर्मचारियों ने मेट्रो के अधिकारियों को कई सलाह दी। अधिकारियों ने इन पर संज्ञान लेने का वादा किया।

बुधवार को आयोजित बैठक में एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय के नेतृत्व में अन्य अधिकारियों ने करीब 40 कंपनियों के कर्मचारियों से बातचीत की। इस दौरान मेट्रो के किराए, फ्रीक्वेंसी, सिटी बस, ई-रिक्शा की सुविधा और लास्ट माइल कनेक्टिविटी के बाबत कई सवाल किए। साथ ही, डीएमआरसी की सर्विस से भी तुलना की गई। उन्होंने लास्ट माइल कनेक्टिविटी बनाने के लिए उपाय करने की मांग की। एनएमआरसी के अधिकारियों ने उनकी मांगों पर विचार करने को कहा। ब्यूरो